एंटरप्रेनर प्रीयम बुधिया को मिला अंतरराष्ट्रीय अवार्ड

कोलकाता, समाज्ञा : कोलकाता की एंटरप्रेनर प्रीयम बुधिया ने एबीएन नेक्स्ट जेन लॉम्बॉर्ड ओडियर पीपल्स च्वाएस अवार्ड 2020 जीता है। उन्हें इस अवार्ड से उनके जल संरक्षण परियोजना के लिए नवाजा गया। इस अंतरराष्ट्रीय अवार्ड में करीब 26 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। एफबीएन (फैमिली बिजनेस नेटवर्क) का मुख्यालय स्वीट्जरलैंड में है। इसकी स्थापना वर्ष 1989 में किया गया था। करीब 4 हजार व्यापारिक परिवार नेक्स्ट जेनरेशन के अंतर्गत आते हैं। नेक्स्ट जेनरेशन कम्यूनिटी वैसे लोग हैं जिनके परिवारों के युवा व्यापार में

शामिल होते हैं। एफबीएन नेक्स्ट जेन में 65 देशों के करीब 6,400 युवा व्यापारिक सदस्य शामिल हैं।

ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम से अपनी मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी करके वापस लौटने के बाद ही प्रीयम बुधिया ने पारिवारिक व्यापार में हाथ बंटाना शुरू कर दिया था। प्रीयम की परियोजना वर्षाजल हार्वेस्टिंग के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में बताता है। इस पानी का उपयोग साफ-सफाई, खेती, जंगली जानवरों को पिलाने और इंसानों के पीने में भी किया जा सकता है। इस प्रकार जल संरक्षण से भूजल की मात्रा को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त कई अन्य परियोजनाएं भी प्रीयम बुधिया ने तैयार की जिसकी मदद से ना सिर्फ लोगों को फायदा मिलेगा बल्कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी काफी मदद मिलेगी।

PATTON®